**राज्य सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या *157**
**3 दिसम्बर, 2014 को उत्तर के लिए**

## चीन से घटिया लोहे की सलाखों का आयात

***157. श्री राम नाथ ठाकुर:**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि भारत में भवन निर्माण में इस्तेमाल करने के लिए चीन से भारी मात्रा में घटिया लोहे की सलाखें आयात की जा रही हैं जो बीआईएस द्वारा प्रमाणित नहीं है; यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को इस बात की भी जानकारी है कि स्टील री-रोलर्स एसोसिएशन ऑफ महाराष्ट्र ने दो महीने के भीतर तीन लाख टन घटिया लोहे की सलाखों के क्रय-आदेश दिए है;

(ग) यदि हां, तो सरकार द्वारा इसके विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है; और

(घ) यदि नहीं, तो सरकार ने इस संबंध में सच्चाई का पता लगाने के लिए क्या-क्या कदम उठाए है/उठाने का विचार रखती है?

**उत्तर**

**इस्पात और खान मंत्री** **श्री नरेन्द्र सिंह तोमर**

(क) से (घ) : एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

***

**"चीन से घटिया लोहे की सलाखों का आयात" के बारे में श्री राम नाथ ठाकुर, संसद सदस्य द्वारा राज्य सभा में दिनांक 03 दिसम्बर, 2014 के लिए पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या *157 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क): इस्पात मंत्रालय को इस्पात और इस्पात उत्पाद (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश 2012 की अपेक्षाओं के विपरीत कथित तौर पर निर्माण क्षेत्र में इस्तेमाल किए जा सकने वाले बोरोन युक्त रिबार्स/टीएमटी बार्स के आयात के बारे में कई क्षेत्रों से अभ्यावेदन प्राप्त हुए है। संयुक्त संयंत्र समिति के अनुसार अप्रैल-अक्तूबर, 2014 के दौरान चीन से लगभग 3.59 लाख मीट्रिक टन बार्स और रॉड्स का आयात किया गया है।

(ख): स्टील रि-रोलर्स एसोसिएशन ऑफ महाराष्ट्र द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार उनके द्वारा चीन से किसी भी प्रकार की गुणवत्ता वाले आयरन रॉड्स के आयात के आर्डर नहीं किए गए हैं।

(ग) और (घ): सरकार ने बोरोन युक्त रिबार्स/टीएमटी बार्स के संबंध में सीमा शुल्क प्राधिकारियों को यह सलाह देते हुए दिनांक 07.11.2014 को समुचित निदेश जारी किए हैं कि केवल इस्पात और इस्पात उत्पाद (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश 2012 के प्रावधानों के अनुसार ही ऐसे कनसाइनमेंट की अनुमति दी जाए।

***